सत्यमेव जयते

## राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
## प्रेस विज्ञप्ति–1

**चमोली/देहरादून04 अक्टूबर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को बद्रीनाथ पहुंचकर भगवान बद्री विशाल के दर्शन व पूजा करते हुए देश और प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर में मंदिर समिति और तीर्थपुरोहितों ने राज्यपाल को अंगवस्त्र, तुलसी माला एवं प्रसाद भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने बद्रीनाथ आए श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

राज्यपाल ने जीएमवीएन बद्रीनाथ में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के साथ बैठक करते हुए बद्रीनाथ मास्टर प्लान सहित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बद्रीनाथ मास्टर प्लान सहित जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं नवाचारी कार्यों से अवगत कराया।

राज्यपाल ने कहा कि विषम परिस्थितियों में प्रबल इच्छा शक्ति के साथ स्थानीय निवासियों, तीर्थपुरोहित, आम जनता को साथ लेकर जिस तरह से माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी परियोजना बद्रीनाथ मास्टर प्लान के पुर्ननिर्माण कार्यों को जिस तेजी के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है वह बेहद प्रशंसनीय और सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन–प्रशासन की पूरी टीम सहित सभी लोग बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ मास्टर प्लान के कार्यों पर कॉफी टेबल बुक व किताब तैयार की जाए ताकि अन्य प्रोजेक्ट में भी बद्रीनाथ मास्टर प्लान की तरह से पुनर्निर्माण कार्यों को किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज उन्हें यहां आकर बेहद शांति और सुकून मिल रहा है। आने वाले समय में बद्रीनाथ धाम और भी दिव्य और भव्य नजर आएगा। बद्रीनाथ धाम में तैनात राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं यात्रा मैनेजमेंट फोर्स समेत अन्य संस्थाओं के कार्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि सभी के अच्छे तालमेल से ही यात्रा सुखद और व्यवस्थित ढंग से चल रही है।

बैठक के बाद राज्यपाल ने बद्रीनाथ धाम में स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी मानवता की सेवा के लिए तत्परता एवं समर्पित भाव से अस्पताल व्यवस्थाओं के संचालन करने पर पूरी चिकित्सा टीम की सराहना की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, एसडीएम कुमकुम जोशी आदि उपस्थित थे।

...........0............

**सूचना परिसर राजभवन** **टेली0 फै0–0135.2756172**